# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

## CUH signed MoU with UIU, Bangladesh

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 15-04-2022**

**समझौता** — **उपलब्ध संसाधनों का मिलकर इस्तेमाल करना सुनिश्चित करेंगे**

# मिलकर काम करेंगे हकेंविवि और यूआईयू बांग्लादेश

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय और यूनाईटेड इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बांग्लादेश अब विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए मिलकर काम करेंगे। दोनों ही संस्थानों ने समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार और यूनाईटेड इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी बांग्लादेश की ओर से विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. चौधरी मो.फिजुर रहमान ने समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य दोनों ही विश्वविद्यालयों के



हकेंविवि में उपस्थित कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व यूआईयू की जेनिका हुसैन संवाद

उपलब्ध संसाधनों का मिलकर प्रयोग सुनिश्चित करना है। समझौता ज्ञापन के माध्यम से दोनों विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अध्ययन की सुविधा उपलब्ध होगी व विद्यार्थियों के लिए एक-दूसरे विश्वविद्यालय में अध्ययन के विकल्प विकसित किए जाएंगे। दोनों विवि मिलकर विभिन्न सम्मेलन, संगोष्ठी और संयुक्त पब्लिकेशन के लिए भी कार्य करेंगे। यूनाईटेड इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बांग्लादेश के सीआईएपी की सहायक निदेशक जेनिका हुसैन ने कहा कि दोनों विश्वविद्यालय अब मिलकर संयुक्त अनुसंधान आधारित प्रोजेक्ट कर सकेंगे। इसके माध्यम से दोनों ही विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी, शिक्षक शोधार्थियों के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साझेदारी के साथ काम के अवसर उपलब्ध होंगे।

इस मौके पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी डॉ. विकास कुमार, शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान, पर्यटन एंव होटल प्रबंधन के विभागाध्यक्ष डॉ. रणबीर सिंह व पर्यावरण अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मोना शर्मा भी उपस्थित थीं।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 15-04-2022**

# हकेंवि व यूआईयू बांग्लादेश शिक्षण और शोध पर मिलकर करेंगे काम



भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हकेंवि, महेंद्रगढ़ और यूनाईटेड इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी बांग्लादेश अब विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु मिलकर काम करेंगे। इस संबंध में दोनों संस्थानों में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर आपसी साझेदारी स्थापित की है। इस साझेदारी के अंतर्गत दोनों ही संस्थान विद्यार्थी, शिक्षक व कर्मचारियों के शिक्षण, शोध व प्रशिक्षण के स्तर पर मिलकर प्रयास करेंगे । विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार और यूनाईटेड इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी बांग्लादेश के कुलपति प्रो. चौधरी मो. फिजुर रहमान ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य दोनों ही विश्वविद्यालयों के उपलब्ध संसाधनों का मिलकर प्रयोग करना है। इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से दोनों विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अध्ययन की सुविधा उपलब्ध होगी व विद्यार्थियों के लिए एक-दूसरे विश्वविद्यालय में अध्ययन के विकल्प विकसित किए जाएगे। दोनों विश्वविद्यालय मिलकर विभिन्न सम्मेलन, संगोष्ठी और संयुक्त पब्लिकेशन के लिए भी कार्य करेंगे। इस मौके पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी डॉ. विकास कुमार, शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान, पर्यटन एवं होटल प्रबंधन के विभागाध्यक्ष डॉ. रणबीर सिंह व पर्यावरण अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मोना शर्मा उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 15-04-2022**

# एक साथ मिलकर काम करेंगे हकेंवि व यूआईयू, बांग्लादेश

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ और यूनाईटेड इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बांग्लादेश अब विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु मिलकर काम करेंगे। इस संबंध में दोनों ही संस्थानों में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर आपसी साझेदारी स्थापित की है। इस साझेदारी के अंतर्गत दोनों ही संस्थान विद्यार्थी, शिक्षक व कर्मचारियों के शिक्षण, शोध व प्रशिक्षण के स्तर पर मिलकर प्रयास करेंगे।हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार और यूनाईटेड इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी बांग्लादेशकी ओर से विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. चौधरी मो.फिजुर रहमान ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा



समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के दौरान उपस्थित हकेंवि कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व यूआईयू की जेनिका हुसैन ● सौ. हकेंवि

कि इस साझेदारी का उद्देश्य दोनों ही विश्वविद्यालयों के उपलब्ध संसाधनों का मिलकर प्रयोग सुनिश्चित करना है। इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से दोनों विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अध्ययन की सुविधा उपलब्ध होगी व विद्यार्थियों के लिए एक-दूसरे विश्वविद्यालय में अध्ययन के विकल्प विकसित किए जाएंगे। दोनों विश्वविद्यालय मिलकर विभिन्न सम्मेलन, संगोष्ठी और संयुक्त पब्लिकेशन के लिए भी कार्य करेंगे।

इस मौके पर उपस्थित यूनाईटेड इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बांग्लादेश के सीआईएपी की अस्टिेन्ट डायरेक्टर जेनिका हुसैन ने कहा कि दोनों विश्वविद्यालय अब मिलकर संयुक्त अनुधान आधारित प्रोजेक्ट कर सकेंगे। और इसके माध्यम से दोनों ही विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी, शिक्षक शोधार्थियों के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साझेदारी के साथ काम के अवसर उपलब्ध होंगे। इस मौके पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी डा. विकास कुमार, शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान, पर्यटन एंव होटल प्रबंधन के विभागाध्यक्ष डा. रणबीर सिंह व पर्यावरण अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष डा. मोना शर्मा भी उपस्थित थी।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 15-04-2022**

# एकसाथ मिल करेंगे काम, हुआ समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय और यूनाईटेड इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी बांग्लादेश अब विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए मिलकर काम करेंगे। इस संबंध में दोनों ही संस्थानों में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर आपसी साझेदारी स्थापित की है। इस साझेदारी के अंतर्गत दोनों ही संस्थान विद्यार्थी, शिक्षक व कर्मियों के शिक्षण, शोध व प्रशिक्षण के स्तर पर मिलकर प्रयास करेंगे। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. टंकेश्वर और यूनाईटेड इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी बांग्लादेश की ओर से विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. चौधरी मो. फिजुर रहमान ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। कुलपति प्रो. टंकेश्वर ने कहा कि इस सांझेदारी का उद्देश्य दोनों विश्वविद्यालयों के उपलब्ध संसाधनों का मिलकर प्रयोग करना है। इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से दोनों विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों के अंतर राष्ट्रीय स्तर पर अध्ययन की सुविधा उपलब्ध होगी व विद्यार्थियों के लिए एक-दूसरे विश्वविद्यालय में अध्ययन के विकल्प विकसित किए जाएंगे।



**महेंद्रगढ़।** हस्ताक्षर के दौरान उपस्थित कुलपति व यूआईयू की जेनिका हुसैन।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 15-04-2022**

# एक साथ मिलकर काम करेंगे हकेंवि और यू.आई.यू. बंगलादेश

महेंद्रगढ़, 14 अप्रैल (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ और यूनाइटेड इंटरनैशनल यूनिवर्सिटी, बंगलादेश अब विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु मिलकर काम करेंगे। इस संबंध में दोनों ही संस्थानों में समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर कर आपसी सांझेदारी स्थापित की है। इस सांझेदारी के अंतर्गत दोनों ही संस्थान विद्यार्थी, शिक्षक व कर्मचारियों के शिक्षण, शोध व प्रशिक्षण के स्तर पर मिलकर प्रयास करेंगे।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार और यूनाइटेड इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी बंगलादेश की ओर से विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. चौधरी मो. फिजुर रहमान ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।



*समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के दौरान उपस्थित हकेंवि कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व यू.आई.यू. की जेनिका हुसैन व अन्य।*

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस सांझेदारी का उद्देश्य दोनों ही विश्वविद्यालयों के उपलब्ध संसाधनों का मिलकर प्रयोग सुनिश्चित करना है। इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से दोनों विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अध्ययन की सुविधा उपलब्ध होगी व विद्यार्थियों के लिए एक-दूसरे विश्वविद्यालय में अध्ययन के विकल्प विकसित किए जाएंगे। दोनों विश्वविद्यालय मिलकर विभिन्न सम्मेलन, संगोष्ठी और संयुक्त पब्लिकेशन के लिए भी कार्य करेंगे।

इस मौके पर उपस्थित यूनाइटेड इंटरनैशनल यूनिवर्सिटी, बंगलादेश के सी.आई.ए.पी. की असिस्टैंन्ट डायरैक्टर जेनिका हुसैन ने कहा कि दोनों विश्वविद्यालय अब मिलकर संयुक्त अनुधान आधारित प्रोजैक्ट कर सकेंगे और इसके माध्यम से दोनों ही विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी, शिक्षक शोधार्थियों के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सांझेदारी के साथ काम के अवसर उपलब्ध होंगे। इस मौके पर हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी डॉ. विकास कुमार, शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान, पर्यटन एवं होटल प्रबंधन के विभागाध्यक्ष डॉ. रणबीर सिंह व पर्यावरण अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मोना शर्मा भी उपस्थित थी।